# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

पत्रांक : उ0पु0/ 1146
दिनांक : 26/11/2025

## विज्ञप्ति

प्रायः यह देखने में आ रहा है कि परीक्षा केन्द्रों पर पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष यदि कोई परीक्षार्थी अनुपस्थित रहता है तो उसकी अनुपस्थिति डॉकेट में अंकित भी नहीं की जाती है तथा अनुपस्थिति का विवरण तैयार करते समय भी कतिपय अनुपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांक अंकित नहीं किये जाते है जिसके कारण पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या, प्रेषित उत्तर पुस्तिका की संख्या एंव अनुपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या का मिलान नहीं हो पाता है जिस कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

अतः समस्त परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य/प्राचार्या से अपेक्षा है कि सम्बन्धित विषय/प्रश्नपत्र हेतु विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी उपस्थिति सूची में उपस्थित परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिका क्रमांक सहित हस्ताक्षर एंव अनुपस्थित परीक्षार्थियों के समक्ष स्पष्ट रूप से लाल स्याही से ABSENT अंकित किया जाय। यदि किसी विषय/प्रश्नपत्र में 01 ही परीक्षार्थी पंजीकृत है तो भी उसकी यथास्थिति (उपस्थिति/अनुपस्थिति) विश्वविद्यालय को प्रेषित की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सादर संज्ञानार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक-कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक-परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
04. समस्त परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्य/केन्द्र पर्यवेक्षक को अनुपालनार्थ।

सहा0 कुलसचिव (गोप0)